प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.09.2024 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में कहा– जदयू और आजसू पार्टी के साथ सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय, दो अक्तूबर के बाद की जायेगी घोषणा।**
2. **भाजपा के वरिश्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पलामू और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवघर के परिवर्तन यात्रा में हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप।**
3. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचारों को करेंगे साझा।**

और

4. **साहिबगंज जिला प्रशासन ने गंगा नदी में तेजी से हो रही जल वृद्धि को देखते हुए जारी की चेतावनी, दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोग बाढ़ राहत शिविर में लें शरण।**

****

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि जदयू और आजसू पार्टी के साथ गठबंधन कर भाजपा विधानसभा चुनाव लड़ेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने कहा कि दोनों सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय हो गया है। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा कर दी जायेगी।

****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलामू में आयोजित परिवर्तन रैली के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। इस राज्य में कई मंत्रियों के घर से रूपयों के बंडल बरामद हो रहे हैं। इस सरकार में जनता के हितों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा जब इस राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो पेंशन की राशि दो हजार रूपये कर दी जाएगी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने देवघर में आयोजित परिवर्तन रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम साबित हुई है।

****

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हेमन्त सरकार पर जनता के साथ अन्याय और उनके हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चुनाव के पूर्व महिलाओं को एक एक हजार रुपए देकर चुनावी फायदा उठाना चाहती है। खूंटी में उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती के विकास के लिए वर्तमान सरकार गंभीर नहीं है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अक्टूबर को हजारीबाग आगमन को लेकर जोर–शोर से तैयारियां चल रही है। वे यहां दो कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री मोदी का पहला कार्यक्रम विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में होगा, जहां से वे कई योजनाओं की सौगात देंगे, वहीं, मटवारी स्थित गांधी मैदान में आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करेंगे।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस सिलसिले में बड़े पैमाने पर सरकारी पदों पर बहाली के साथ निजी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने आज श्रम विभाग द्वारा आयोजित समारोह में चार सौ चौवालीस प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए ये बातें कहीं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह मन की बात का चौथा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और newsonair मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित करेगा।

****

साहिबगंज जिला प्रशासन ने गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए चेतावनी जारी की है। जिले के उपायुक्त हेमन्त सती ने दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बाढ़ राहत शिविर में शरण लेने को कहा है।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर सारी तैयारियां अंतिम चरण में है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियों को लेकर पांच अक्टूबर तक प्रारंभिक और पन्द्रह अक्टूबर तक पूरी रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

****

देवघर जिले में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे देवघर संवाददाता–

****

गिरिडीह पुलिस के समक्ष आज दस लाख के ईनामी नक्सली राम दयाल महतो ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण तथा पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर चौवन मामलों में वांछित इस नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है।

****

स्वर कोकिला लता मंगेशकर की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। प्रस्तुत है उनके संगीतमय जीवन पर आकाशवाणी की ओर से विशेष श्रद्धांजलि। पेश है एक रिपोर्ट –

****